Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the government to given compensation to the farmer of Maharashtra whoes crops were damaged due to heavy rainfall.

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे (रावेर): धन्यवाद सर, आपने मुझे शून्य काल में एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया। महाराष्ट्र में दो दिन पहले उत्तर महाराष्ट्र और खासकर विदर्भ के जलगांव डिस्ट्रिक्ट और बुलढाणा डिस्ट्रिक्ट में काफी बारिश और ओले गिरने के कारण किसानों को काफी नुकसान हुआ है। उसमें रबी की जितनी भी फसलें हैं, वे बर्बाद हो गई हैं, जिस कारण किसानों के हाथ में कुछ भी नहीं बचा है। जिला प्रशासन के माध्यम से वहां सभी किसानों का पंचनामा किया जा रहा है, लेकिन मेरी इस सदन के माध्यम से मांग है कि राज्य सरकार के साथ ही केंद्र सरकार द्वारा भी किसानों को जल्द से जल्द मदद देनी चाहिए। मैं सरकार से यह भी निवेदन करना चाहूंगी कि जो 'प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना' है, उसके अंतर्गत सभी प्रपोजल्स को भी जल्द से जल्द सैंक्शन करके किसानों तक मदद पहुंचाई जाए।

माननीय अध्यक्ष: श्री कुलदीप राय शर्मा को श्रीमती रक्षा निखिल खडसे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।